मिशन कर्मयोगी हरियाणा

चर्चा में क्यों?

हाल ही में हरियाणा सरकार ने '**मिशन कर्मयोगी हरियाणा**' शुरू किया है, जो एक अग्रणी पहल है **जिसका उद्देश्य सभी तीन लाख सरकारी कर्मचारियों को उनकी भूमिकाओं में अधिक नागरिक-केंद्रितता और नैतिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देने हेतु प्रशिक्षित करना है।**

मुख्य बिंदु:

- इस महत्त्वाकांक्षी कार्यक्रम के हिस्से के रूप में, **एथिक्स कॉन्क्लेव** ('नैतिकता शिविर') क्रमशः 31 जनवरी और 06 फरवरी को करनाल व पंचकुला में आयोजित किये जाएंगे।
- कर्मयोगी हरियाणा परियोजना के लिये एक विशेष मंच के रूप में डिज़ाइन किये गए ये सत्र राज्य सरकार के सभी IAS/IPS/IFS/अन्य सेवाओं/HCS अधिकारियों को लक्षित करते हैं।
    - **नैतिकता शिविर कार्यस्थल नैतिकता, अखंडता** एवं चुनौतियों, प्रलोभनों और प्रतिकूल परिस्थितियों के सामने सही निर्णय लेने की संस्कृति विकसित करने के महत्त्व पर ज़ोर देंगे। अंतर्दृष्टि साझा करने और व्यावहारिक उदाहरण प्रदर्शित करने के लिये **प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्तियों** तथा विशेषज्ञों को आमंत्रित किया गया है।
- कर्मयोगी मॉड्यूल का एक व्यापक अवलोकन प्रस्तुत किया जाएगा, जो प्रतिभागियों को प्रशिक्षण कार्यक्रम का विहंगम दृश्य प्रदान करेगा।

मिशन कर्मयोगी

- इसका उद्देश्य **राष्ट्रीय भर्ती एजेंसी** के रूप में पूर्व-भर्ती परिवर्तनों के समान केंद्र में मानव संसाधन विकास का एक व्यापक भर्ती-पश्चात सुधार करना है।
- इसका उद्देश्य **नए भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप सही दृष्टिकोण, कौशल और ज्ञान के साथ भविष्य के लिये तैयार सिविल सेवा का निर्माण करना है।**
- इसका उद्देश्य भारतीय सिविल सेवकों को अधिक **रचनात्मक, तर्कसाध्य, कल्पनाशील, सक्रिय, नवीन, प्रगतिशील, पेशेवर, ऊर्जावान, पारदर्शी और प्रौद्योगिकी-सक्षम बनाकर भविष्य के लिये तैयार करना है।**
- **कुशल सार्वजनिक सेवा वितरण के लिये व्यक्तिगत,** संस्थागत और प्रक्रिया स्तरों पर क्षमता निर्माण तंत्र का व्यापक सुधार।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/mission-karmayogi-haryana-1